# यायालय उपखण्ड अधिकारी, नैनवॉ जिला बून्दी(राज0)

प्रा–पत्र संख्या :–127 / 2020

GCMS NO:- 2020/00245

दायर दिनांकः 10.08.2020

पीठासीन अधिकारी :–श्योराम (आर.ए.एस.)

1. खाना पुत्र रामचन्द्र जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
2. रामफूल पुत्र रामचन्द्र जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
3. रामकिशन पुत्र रामचन्द्र जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
4. बरजी पुत्री रामचन्द्र जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
5. गुलाब बाई बेवा रामचन्द्र जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।

–प्रार्थीगण–

**बनाम**

1. गोवर्धन पुत्र रामचन्द्र जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
2. रघुनाथ पुत्र रामचन्द्र जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
3. मियाराम पुत्र रामचन्द्र जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
4. लक्ष्मण पुत्र रामचन्द्र जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
5. किशन पुत्र रामचन्द्र जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
6. प्रेम पुत्री रामचन्द्र जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
7. कन्हैयालाल पुत्र केसरा जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
8. हीरापुत्र केसरा जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
9. शोराज पुत्र केसरा जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
10. रतनी पुत्री केसरा पत्नि मच्छूलाल निवासी आतंरदा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
11. पाना पुत्री केसरा पत्नि कालूलाल जाति गुर्जर निवासी बावडीतहसील नैनवां जिला बून्दी।
12. नोसर पुत्री केसरा पत्नि रमेश जाति गुर्जर निवासी शिवपुरातहसील नैनवां जिला बून्दी।
13. देवकिशन पुत्र अर्जुन जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
14. रामकिशन पुत्र अर्जुन जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
15. मूर्ति बाई पत्नि अर्जुन जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
16. सोना पुत्री अर्जुन जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
17. मैना पुत्री अर्जुन जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
18. मनीषा पुत्री अर्जुन जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
19. सुरजमल पुत्र जगन्नाथ जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
20. ओमप्रकाश पुत्र जगन्नाथ जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
21. नुवासी पुत्री जगन्नाथ पत्नि मूलचन्द जाति गुर्जर निवासी रेणा गांव किशनगंज पंचायत जेतपुर तहसील नैनवां जिला बून्दी।
22. मोर पुत्र जगन्नाथ जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
23. अंजना पुत्री जगन्नाथ जाति गुर्जर निवासी सुसाड़िया तहसील नैनवां जिला बून्दी।

Signature Not Verified

Digitally signed by Shyoram
Date: 2022.01.21 15:22:08 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बून्दी)

24. देव पुत्री जगन्नाथ पत्नि पालू जाति गुर्जर निवासी सुसाडिया तहसील नैनवां जिला बून्दी।
25. रामफूल पुत्र रामनिवास जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
26. नानू पुत्र रामनिवास जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
27. काली पुत्री रामनिवास पत्नि देवलाल निवासी जरखोदा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
28. रामबिलास पुत्र गोपीचन्द जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
29. रामचरण पुत्र गोपीचन्द जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
30. कस्तूरी बाई पत्नि कन्हैयालाल जाति गुर्जर निवासी मोडसा तहसील नैनवां जिला बून्दी।
31. शाखा प्रबंधक महोदय, ICICI बैंक शाखा देई तहसील नैनवां जिला बून्दी।
32. राजस्थान सरकार भू–स्वामी जर्ये तहसीलदार साहब नैनवां जिला बून्दी।

–अप्रार्थीगण–

**वाद पत्रः– अंतर्गत धारा 251 एआर.टी एक्ट**

**उपस्थिति–**
**प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण**

**निर्णय दिनांक 01.11.2021**

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम मोडसा पटवार मण्डल मोडसा तहसील नैनवां में भूमि प्रार्थीगण के हिस्से खातेदारी की खाता संख्या 42 के खसरा संख्या 930/04–05,खसरा संख्या 981/03–00,खसरा संख्या 982/04–09,खसरा संख्या 984/03–00,खसरा संख्या 986/03–04,खसरा संख्या 1027/05–11 तथा खसरा संख्या 1077/1024/05–08 कुल किता 7 कुल रकबा 28 बीघा 17 बिस्वा कृषि भूमि स्थित है। यह कि प्रार्थना की चरण संख्या 1 में वर्णित प्रार्थीगण की भूमि में आने जाने का एक मात्र रास्ता खसरा संख्या 1026 मोडसा से बिहारीपुरा जाने वाला ग्रेवल रोड है जिसमें से फटकर खसरा संख्या 992, 979, 980, 978 की मध्य की मेर पर होकर प्रार्थीगण के खातेदारी की भूमि में जाता है। इस रास्ते को नक्शा परिशिष्ट अ में लाल स्याही से दर्शाया है। यह कि प्रत्यार्थीगण के मन में बदयानित आ गई है इस पर प्रत्यार्थीगणों ने अवैध व अनाधिकृत रूप से गत सप्ताह से बलपूर्वक रास्ता अवरूद्व करने पर आमदा है। यह कि उक्त रास्ते के अलावा प्रार्थीगण के खाते की जमीन पर आने जाने का अन्य कोई रास्ता नहीं है। इसलिए प्रार्थीगण को अपने खाते की भूमि पर आने जाने व कृषि उपज लाने ले जाने के लिऐ रास्ता दिलाया जाना आवश्यक है। जिसकी राशि प्रार्थीगण नियमानुसार जमा करवाने को तैयार है। प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में परिशिष्ट अ,नकल जमाबंदी, नकल नक्शा ट्रेस तथा शपथ–पत्र आदि पेश किये।

अप्रार्थी संख्या 31 आईसीआईसीआई बैंक शाखा देई ने जवाब प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि श्री कन्हैयालाल, हीरा, रामबिलास, तथा रामचरण ने अप्रार्थी संख्या 31 के उक्त विवादित भूमि के खाते के हिस्से पर रहन मुर्तहिन बिल कब्ज करके किसान क्रेडिट कार्ड का ऋण ले रखा है। बैंक के रहन के चल रहे खसरा नम्बरान में रहनकर्ताओं ने ऋण लेते समय रास्ता होना नहीं बताया तथा बैंक ने भी मौका देखते वक्त रास्ता होना नहीं पाया । यदि रहन के चल रहे खसरा नम्बरान में से रास्ते की भूमि कम की जाती है तो बैंक का ऋण दुष्प्रभावित होगा। और राहिन बैंक को भारी एवं अपूर्तनीय क्षति होगी। विकल्प में यह भी निवेदन है कि यदि किसी प्रकार की मुआवजा राशि ऋणियों को दी जाती है तो उसे अप्रार्थी संख्या 31 के ऋण खाते में ही जमा करवाई जावे ताकि बैंक के हित सुरक्षित रह सकें।

रास्ता दिये जाने के सम्बन्ध में तहसीलदार नैनवां से रिपोर्ट प्राप्त की गई। जिसके अनुसार मौके पर खातेदारान द्वारा आपसी सहमति विभाजन से खसरा संख्या 980 व 992 की दक्षिणी मेर से क्रमशः लगभग 13 गठ्ठा 10 गठ्ठा उत्तर की तरफ एक मेर के सहारे–सहारे रास्ता निकालने में सहमति जताई गई। खसरा संख्या 992 तक पहुँचने के लिए रिकॉर्ड व मौके पर खसरा संख्या 1026/3–00 गै0मु0 रास्ता



Signature Not Verified
Digitally signed by Shyoram
Date: 2022.01.21 15:22:08 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बून्दी)

है। प्रार्थीगण द्वारा चाहे गए रास्ते में भूमि खसरा संख्या 980 व 992 की भूमि उपयोग में आयेगी। यह खसरा संख्या 980 में से रकबा 28 गठ्ठा • 3 गठ्ठा = 84 वर्ग गठ्ठा = 3700 वर्गफीट तथा खसरा संख्या 992 में से रकबा 22 गठ्ठा • 3 गठ्ठा = 66 वर्ग गठ्ठा= 3900 वर्गफीट अर्थात् कुल रकबा 0.08 बिघा भूमि दिया जाना उचित होगा। यह कि प्रस्तावित रास्ता नक्शा ट्रेस में लाल डोटेड लाइन से दर्शाया गया है।

हमने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, प्रस्तुत रिकॉर्ड दस्तावेज एवं रास्ता रिपोर्ट तहसीलदार नैनवां का अवलोकन किया। पत्रावली प्रशासन गांवों के संग अभियान केम्प कोर्ट मोडसा में पेश हुई । उपस्थित पक्षकारान की प्रार्थना पत्र में बहस सुनी गयी। प्रार्थीगण को रास्ता दिया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। तहसीलदार नैनवां ने भी अपने जवाब/रिपोर्ट में प्रार्थीगण को प्रस्तावित रास्ता नक्शा ट्रेस के अनुसार रास्ता दिया जाना उचित बताया है। ग्राम मोडसा पटवार मण्डल मोडसा तहसील नैनवां में भूमि प्रार्थीगण के हिस्से खातेदारी की खाता संख्या 42 के खसरा संख्या 930/04–05,खसरा संख्या 981/03–00,खसरा संख्या 982/04–09,खसरा संख्या 984/03–00,खसरा संख्या 986/03–04,खसरा संख्या 1027/05–11 तथा खसरा संख्या 1077/1024/05–08 कुल किता 7 कुल रकबा 28 बीघा 17 बिस्वा कृषि भूमि पर पहुंचने के लिए खसरा संख्या 980 में से रकबा 28 गठ्ठा • 3 गठ्ठा = 84 वर्ग गठ्ठा = 3700 वर्गफीट तथा खसरा संख्या 992 में से रकबा 22 गठ्ठा • 3 गठ्ठा = 66 वर्ग गठ्ठा= 3900 वर्गफीट अर्थात् कुल रकबा 0.08 बिघा भूमि रास्ता के रूप में दिये जाने के आदेश दिये जाते है। जिसे परिशिष्ट "क" प्रस्तावित रास्तानक्शा ट्रेस में लाल डोटेड लाइन से अंकित किया गया है, के अनुसार रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में कायम किये जाने के आदेश दिये जाते है। जितनी भूमि रास्ते के उपयोग में आयेगी उतनी भूमि की कीमत का नियमानुसार प्रतिकर राजकोष में जमा होने के उपरान्त रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में कायम किया जावे। नक्शा परिशिष्ट को परिशिष्ट "क" नाम दिया गया है जो न्यायालय निर्णय का अभिन्न अंग होगा। तहसीलदार नैनवां को आदेशित किया जाता है कि मौके पर रास्ता बहाल कर नियमानुसार राजस्व रिकार्ड व राजस्व नक्शे में दर्ज किया जावें।

निर्णय आज दिनांक 01.11.2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बून्दी)।

Signature Not Verified

Digitally signed by Shyoram
Date: 2022.01.21 15:22:08 IST
Reason: SelfAttested